**MPS**

# राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

## सत्रीय कार्य

(एम.ए. प्रथम वर्ष)

जुलाई 2024 और जनवरी 2025 सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# एम.ए. (राजनीति विज्ञान)
# प्रथम वर्ष
# अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि आपको राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम से संबंधित कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है कि राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अनिवार्य पाठ्यक्रम के लिए आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य सम्मिलित हैं।

सभी सत्रीय कार्यों को निर्धारित समय के भीतर जमा कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आप सत्रांत परीक्षा देने के पात्र हो सकें। सत्रीय कार्य करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य) के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें।** आपके उत्तर भाग–विशेष के लिए निर्धारित की गई शब्द–सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखिए, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और ये आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

इसके साथ ही, सभी सत्रीय कार्यों को पूरा करके अपने **अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा कराएँ।** जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। अगर संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र आपको सत्रीय कार्य वापस कर देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केन्द्र द्वारा अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पास भेजना होता है।

**प्रस्तुतीकरण :** हल किए गए प्रश्नों को निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार भेजें।

| सत्र | जमा करने की अंतिम तिथि | किसके पास जमा करें |
|---|---|---|
| **जुलाई, 2024 सत्र के लिए** | **31 मार्च, 2025** | **अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करें।** |
| **जनवरी, 2025 सत्र के लिए** | **30 सितम्बर, 2025** | |

शुभकामनाओं के साथ,

राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

# एमपीएस–001 : राजनीतिक सिद्धान्त
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः एमपीएस-001**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टीएमए/2024-25**
**पूर्णांकः 100**

**किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

### भाग – I

1. राजनीति सिद्धान्त के उद्भव का पता लगाइये।

2. प्रक्रियात्मक और वास्तविक लोकतंत्र का परीक्षण कीजिए।

3. अधिकारों की प्रकृति और अर्थ पर चर्चा कीजिए।

4. नकारात्मक स्वतंत्रता का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

5. समानता के लिए संघर्ष का पता लगाइये।

### भाग – II

**निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिए।**

6. क) जॉन रॉल्स की उपयोगितावाद की आलोचना
   ख) कर्तव्य का महत्व

7. क) नागरिकता के प्रकार
   ख) सर्वहारा वर्ग के नेतृत्वकर्ता के रूप में कम्युनिष्ट पार्टी (वी. आई. लेनिन)

8. क) संप्रभुता
   ख) पारंपरिक उदारवाद

9. क) कल्याणकारी राज्य
   ख) स्वतंत्रतावाद

10. क) ऐतिहासिक भौतिकवाद
    ख) आधिपत्य की ग्राम्शी की अवधारणा

# एमपीएस–002 : अन्तर्राष्ट्रीय संबंधः सिद्धांत एवं समस्याएँ
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः एमपीएस-002**
**सत्रीय कार्य कोड :एएसएसटी/टीएमए/2024-25**
**पूर्णांकः 100**

**किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

### भाग – I

1. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध क्या हैं? अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक राजनीति के बीच अंतरों की व्याख्या कीजिए।

2. अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में निर्भरता सिद्धान्त के मुख्य तर्कों को छाँटिए।

3. उदारवाद की मुख्य अवधारणायें क्या हैं? यह यथार्थवाद से किस प्रकार अलग हैं?

4. आप वैश्विक क्रम को किस प्रकार परिभाषित करेंगे? वर्तमान वैश्विक क्रम क्या है?

5. उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद से किस प्रकार अलग है? साथ ही उपनिवेशवाद के मार्क्सवादी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए।

### भाग – II

**निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिए।**

6. क) ''सुरक्षा समुदाय'' (Security Communites)
   ख) कृत्रिम बुद्धिमता (Artificial Intelligence) और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

7. क) आधिपत्य
   ख) अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों मे नारीवाद

8. क) नया शीत–युद्ध
   ख) दो देशों के बीच संबंध सुधारने (Detente) की व्याख्या

9. क) वैश्वीकरण पर सूक्ष्म टिप्पणी
   ख) पहचान की राजनीति

10. क) अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृति पर मीडिया(जनसंचार साधनों) का प्रभाव
    ख) अन्तर्राज्यीय विस्थापन

# एमपीएस–003 : भारत : लोकतंत्र एवं विकास
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः एमपीएस-003**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टीएमए/2024-25**
**पूर्णांकः 100**

**किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

### भाग – I

1. विकास की अवधारणा और लोकतंत्र के साथ इसके संबंधों की व्याख्या कीजिए।

2. भारत में संघीय व्यवस्था की कार्यप्रणाली का विश्लेषण कीजिए।

3. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

4. भारत में कृषक आंदोलनों के विकास का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये।

5. **निम्नलिखित विषयों पर करीब 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखें:**
   क) तेलंगाना का कृषक विद्रोह
   ख) राजनीतिक भागीदारी (सहभागिता)

### भाग – II

6. राजनीतिक भागीदारी (सहभागिता) के व्यवहारवादी दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए।

7. भारत में क्षेत्रवाद की प्रकृति की व्याख्या कीजिए।

8. मानव विकास की बुनियादी न्यूनतम आवश्यकता दृष्टिकोण का परीक्षण कीजिए।

9. अति–शहरीकरण के कारणों की चर्चा कीजिए।

10. **निम्नलिखित विषयों पर करीब 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखें:**
    क) आन्तरिक प्रवासन
    ख) सतत् विकास

# एमपीएस–004 : तुलनात्मक राजनीति : मुद्दे एवं प्रवृत्तियाँ
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः एमपीएस-004
सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टीएमए/2024-25
पूर्णांकः 100

**किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

### भाग – I

1. राजनीति के अध्ययन हेतु तुलनात्मक पद्धति के महत्व और सीमाओं का परीक्षण कीजिए।

2. सामाजिक समझौता सिद्धान्त और राज्य की उत्पत्ति के मार्क्सवादी दृष्टिकोण के मध्य अंतरों की व्याख्या कीजिए।

3. वैश्वीकरण के दौर में राज्य और बहुराष्ट्रीय संघों के मध्य संबंधों की गतिकी का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

4. आत्म–निर्णयन से आप क्या समझते हैं? आत्म–निर्णयन पर हुयी चर्चाओं का मूल्यांकन कीजिए।

5. विश्व में कहीं भी गरीबी, सर्वत्र खुशहाली के लिए एक गंभीर खतरा हैं। टिप्पणी कीजिए।

### भाग – II

6. राजनीतिक दल को परिभाषित कीजिए। लोकतांत्रिक राजव्यवस्था में राजनीतिक दल किस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं?

7. **निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिएः**

   कं) दक्षिणपूर्व एशिया में उपनिवेश विरोधी आंदोलनों की प्रकृति
   ख) यूरोप का क्षेत्रीय एकीकरण

8. समुदाय क्या है? व्याख्या कीजिए कि 'सामुदायिक पहचान' का निर्माण किस प्रकार हौ रहा है।

9. **निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिएः**

   कं) राज्य का नारीवादी दृष्टिकोण
   ख) आधुनिक राज्य का गांधीवादी दृष्टिकोण

10. विज्ञान और प्रौद्यौगिक के राष्ट्रीयकरण को किसने दिशा प्रदान की है? विकसित और विकासशील देशों में इसका विकास किस प्रकार से भिन्न–भिन्न है?